FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

इस प्रश्न–पत्र में **28** प्रश्न [खण्ड 'क' (**20**) + खण्ड 'ख' (4) + खण्ड 'ग' (4)] तथा **8 मुद्रित पृष्ठ** हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | |

**Code No.**
**कोड नं.** 55/ASS/3

**SET/सेट** **A**

# HINDI
# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ____________________

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** ____________________

**2.** ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

**1** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

**2** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

**3** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

**4** अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **55/ASS/3, सेट–A** लिखें ।



www.FirstRanker.com

# HINDI
# हिन्दी
# (301)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

**(i)** इस प्रश्न–पत्र में **तीन** खण्ड हैं – खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

**(ii)** खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

**(iii)** खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

**(iv)** खण्ड 'क' **85** अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **15** अंकों का है।

## खण्ड – 'क'

1 (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

सखी म्हारी नींद नसाणी हो ।
पिय रो पंथ निहारत सब रैण बिहाणी हो ।
सखियन सब मिल सीख दयाँ मण एक णा मानी हो ।
बिन देख्याँ कल ना पड़ाँ मण रोस णा ठानी हो ।
अंग खीण व्याकुल भयाँ मुख पिय पिय बाणी हो ।
अंतर वेदन बिरह री म्हारी पीड़ णा जाणी हो ।
ज्यूँ चातक घणकूँ रटै, मछरी ज्यूँ पाणी हो ।
मीराँ व्याकुल बिरहणी, सुध बुध बिसराणी हो ॥

**अथवा**

स्पंदन में चिर निस्पंद बहा,
क्रंदन में आहत विश्व हँसा,
नयनों में दीपक–से जलते,
पलकों में निर्झरिणी मचली !
मेरा पग–पग संगीतभरा,
श्वासों से स्वप्न–पराग झरा,
नभ के नव रंग, बुनते दुकूल,
छाया में मलय–बयार पली !

(ख) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : **2**

सब घट अंतर रमसि निरंतर, मैं देखन नहिं जाना ।
गुन सब तोर, मोर सब औगुन, कृत उपकार न माना ॥

2 निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **35-35** शब्दों में लिखिए : **2+2**

(क) रहीम ने 'ओछे' व्यक्ति की क्या विशेषता बताई है ?

(ख) कवि राजेंद्र कठपुतली बने रहने को सुविधा क्यों कहते हैं ?

(ग) भरत को माँ के प्रति आक्रोश क्यों था ?

3 'परशुराम के उपदेश' अथवा 'वह तोड़ती पत्थर' कविता का केंद्रीय भाव 30-40 शब्दों में स्पष्ट कीजिए । **2**

4 भारतेंदु युग अथवा द्विवेदी युग की दो काव्यगत विशेषताएँ बताइए । **2**

5 निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों में निहित रस और अलंकार का नाम बताइए : **1+1**

कनक कनक तैं सौ गुनी, मादकता अधिकाय ।
वा खाएँ बौरात है, या पाएँ बौराय ॥

6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक तेरी ही नहीं, सुनसान राहें और भी हैं
कल सुबह की इंतजारी में निगाहें और भी हैं ।
और भी हैं ओंठ जिन पर
वेदना मुस्कान बनती
नींद तेरी ही न केवल
स्वप्न की पहचान बनती ।
पूजना पत्थर अकेले एक तुझको ही नहीं –
'वाह' बनने के लिए मजबूर आहें और भी हैं ।
एक नन्हा घोंसला
उड़ता न आँधी में अकेला,
पड़ गया पाला अगर
तो एक टहनी ने न झेला ।
सोच तो क्या बाढ़ आई है अकेले को डुबाने,
एक तिनका ढूँढती असहाय बाहें और भी हैं ।
तू अकेला ही नहीं है
जो अकेला चल रहा है
और तलुवों के तले भी
यह धरातल जल रहा है
और हैं साथी जिन्हें तूने न देखा है न जाना
सामने है एक ही, लेकिन दिशाएँ और भी हैं ।

(क) कवि इन पंक्तियों में किसको सांत्वना देता जान पड़ता है ? **1**

(ख) कवि उस व्यक्ति को क्या उदाहरण देकर सांत्वना देता है ? **1**

(ग) बाढ़ के समय क्या स्थिति होती है ? **1**

(घ) इस कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश दे रहा है ? **1**

(ङ) आँधियों का घोंसलों पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **1**

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

7 (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

यह मन ही तो है, जिसमें चाह है, लक्ष्य है, वहीं उसमें पवित्रता, कोमलता व प्रियता है । उनका नवउत्साह से भरा मन हमेशा लेखन–कार्य, सेवा–कार्य में रमा रहता है । हर प्रकार की स्वच्छता की भावना उनके स्वभाव का अभिन्न अंग रही है । बहुत से लोगों में यह स्वच्छता बाह्य रूप में ही मिलती है ।

**अथवा**

दुख और सुख तो मन के विकल्प हैं । सुखी वह है जिसका मन वश में हैं, दुखी वह है जिसका मन परवश है । परवश होने का अर्थ है ख़ुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ–हजूरी । जिसका मन अपने वश में नहीं है, वही दूसरे के मन का छंदावर्त्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडंबर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है ।

(ख) पठित पाठ के आधार पर रामचंद्र शुक्ल अथवा कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर की भाषा–शैली की दो विशेषताएँ लिखिए । 2

8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 35-35 शब्दों में दें : 2+2

(क) ग्रेजुएट नवयुवक ने लेखक को कन्याकुमारी की आबादी के बारे में क्या जानकारी दी ?

(ख) शुक्ल जी के अनुसार क्रोध से क्या–क्या हानियाँ हो सकती हैं ?

(ग) अरूणा और चित्रा के बीच अक्सर किन विषयों पर बहस हुआ करती थी ?

9 अनुराधा की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 2

10 निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वाणी ईश्वर द्वारा दिया गया वह वरदान है जो प्राणियों को प्रकृति के अन्य उपादानों से श्रेष्ठ बनाती है । सुख–दुख के समय वाणी द्वारा की गई प्रतिक्रिया प्राणियों की भाव–स्थिति को प्रकट करती है । वाणी प्राणी की पहचान है । कौए और कोयल की पहचान उनकी वाणी से हो जाती है । रंग–रूप में समानता होने पर भी दोनों की वाणी ही उन्हें आदरित और अनादरित बनाती है । इसी प्रकार किसी व्यक्ति के आचार–व्यवहार तथा स्वभाव की परख भी उसकी वाणी से ही होती है । मीठी वाणी दूसरों को वश में करने की औषधि है । जब हम मधुर वाणी का श्रवण करते हैं, तब हमारा चित्त प्रसन्न हो जाता है । सज्जन सर्वदा मधुर वाणी का ही प्रयोग करते हैं, जबकि दुर्जनों की वाणी कटु तथा कर्कश होती है । मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है, निराश व्यक्तियों में आशा, उत्साह का संचार कर सकती है । कटु वाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है । इससे अपने भी पराए हो जाते हैं । इतना ही नहीं, कटु वाणी लड़ाई–झगड़ों, यहाँ तक कि बड़े युद्ध का कारण भी बन जाती है । ऐसा कहा जाता है कि जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया, उसने मानो सब पा लिया । मधुर वाणी अमृत के समान काम करती है ।



www.FirstRanker.com

(क) प्रकृति के विभिन्न उपादानों में कौन श्रेष्ठ है और क्यों ? 2

(ख) सज्जनों और दुर्जनों की वाणी में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित बताइए । 2

(ग) हमारा चित्त कैसी वाणी के श्रवण से प्रसन्न हो जाता है ? 1

(घ) मनुष्य सब कुछ कैसे पा सकता है ? 1

(ङ) गद्यांश के अनुसार अमृत के समान कौन काम कर सकता है ? 1

(च) गद्यांश में से 'मधुर' और 'निराशा' शब्दों के विलोम शब्द छाँटकर लिखिए । 1

(छ) 'आदरित' शब्द में से मूल शब्द एवं प्रत्यय छाँटकर अलग–अलग लिखिए । 1

(ज) 'दुर्जन' एवं 'सज्जन' शब्दों में लगे उपसर्ग छाँटिए । 1

(झ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए । 1

11 (क) निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर विराम–चिह्न लगाइए : 1

देश वीरांगनाओं का मान सम्मान करेगा

(ख) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके दोबारा लिखिए : 1

चाय का एक गर्म प्याला पीते जाइए ।

(ग) निर्देशानुसार वाक्य–रूपांतरण कीजिए : 1

परीक्षाएँ समाप्त होने के बाद सभी बच्चे खेलने में लग गए । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए : 1

विजय आज परीक्षा देने के बाद खेलने नहीं आएगा ।

(ङ) निर्देशानुसार वाच्य–परिवर्तन कीजिए : 1

हम नहीं दौड़ते । (भाववाच्य में बदलिए)

12 (क) कुंजर सिंह अथवा कुमुद के चरित्र की तीन विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 3

(ख) स्पष्ट कीजिए कि 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास का कथानक सामंती परिवेश को उद्घाटित करता है । 3

13 (क) बड़ी रानी ने छोटी रानी के विद्रोह में शामिल होने का निश्चय क्यों किया ? 1

(ख) सबदल सिंह कुंजर सिंह को आश्रय देने से क्यों हिचकता है ? 1

14 निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव–पल्लवन कीजिए : 3

(क) जैसी संगति बैठिए, तैसोई फल दीन

(ख) अपना भाग्य, अपने हाथ

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

15 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : **8**

(क) युवा वर्ग में बढ़ती नशे की लत

(ख) प्रदूषण – एक महादानव

(ग) अनुशासन और हम

(घ) भारत की प्राकृतिक सुंदरता

16 अपने किसी प्रिय कार्यक्रम के प्रसारण के लिए धन्यवाद देते हुए और उसके पुनःप्रसारण की प्रार्थना करते हुए दूरदर्शन निदेशक को पत्र लिखिए । **4**

17 दिल्ली में सफाई–व्यवस्था की बिगड़ती हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रतिवेदन तैयार कीजिए जिसमें इसके कारण होने वाली कठिनाइयों एवं भविष्य की चिंताओं का उल्लेख हो । **4**

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश का सार एक–तिहाई शब्दों में लिखिए एवं उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

बेरोजगारी को कैसे समाप्त किया जाए यह प्रत्यक्ष रूप से नहीं कहा जा सकता परंतु इसके कारण समाज में अपराध, हिंसा, लूटपाट, डकैती, चोरी, अपहरण व अन्य आर्थिक अपराध पनप रहे हैं और बढ़ रहे हैं । मनुष्य को अपनी इच्छाओं और आवश्यकताओं पर अंकुश लगा पाना असंभव–सा है और इन्हें पूरा करने के लिए वह अनैतिक होकर अपराध के मार्ग पर आगे बढ़ जाता है । सरकार को चाहिए कि वह एक रणनीति तैयार करे । विकास और रोजगार की ओर अग्रसर होते मार्ग को नई दिशा दी जाए । ग्रामीण क्षेत्रों के कुटीर व लघु उद्योगों को न सिर्फ प्रोत्साहन दिया जाए अपितु उन्हें आर्थिक सहायता देकर बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सकता है । सुदृढ़ एवं संगठित शिक्षा प्रणाली का निर्माण किया जाना चाहिए । शिक्षा को वैकल्पिक तौर पर नहीं, अनिवार्यता के आधार पर लागू करना चाहिए । नागरिकों को स्वावलंबन के लिए मशीनीकरण का ज्ञान भी उपलब्ध करवाना चाहिए । बेरोजगारी को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए परिवार नियोजन को अपनाकर जनसंख्या पर रोक लगाना भी आवश्यक है । ये जनता एवं सरकार दोनों को मिलकर करना होगा ।

18 किसी दुर्घटना में अपने बाल–बाल बचने के अनुभव को लगभग 40 शब्दों में व्यक्त कीजिए । **2**



www.FirstRanker.com

**19** विद्यालय में कक्षा दसवीं के बाद विभिन्न विषयों के चयन के लिए 150 विद्यार्थियों ने जिन विशिष्ट विषयों को चुना उसका विवरण दिया जा रहा है । विवरण को दंड चित्र (बार ग्राफ) के रूप में प्रस्तुत कीजिए : **4**

| | |
|---|---|
| जीव विज्ञान | 35 |
| गणित | 25 |
| राजनीति विज्ञान | 35 |
| इतिहास | 15 |
| अर्थशास्त्र | 10 |
| गृह–विज्ञान | 10 |
| टंकण | 15 |
| कंप्यूटर | 5 |

**20** टिप्पण किसे कहते हैं ? कार्यालयी टिप्पण के दो उदाहरण दीजिए । **3**

**खण्ड – 'ख'**

**(सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी)**

**21** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखिए : **1**

(क) स्वच्छ प्रति

(ख) प्रायोजित कार्यक्रम

(ग) संवाददाता सम्मेलन

**22** (क) समाचार संपादक का क्या कार्य होता है ? **2**

(ख) समाचार–प्राप्ति के मुख्य स्रोत कौन–कौन से हैं ? **2**

**23** (क) 'कार्टून वास्तव में स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है ।' – कैसे ? **2**

(ख) हिन्दी अखबारों की भाषा में एकरूपता का अभाव होने का क्या कारण है ? **2**

**24** (क) आपकी कंपनी ने झड़ते बालों के उपचार के लिए जड़ी–बूटियों से एक विशेष प्रकार का तेल तैयार किया है । उसकी विशेषताओं के प्रचार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए, जिसे मुद्रण माध्यम से प्रकाशित किया जा सके । **3**

(ख) बढ़ते ध्वनि–प्रदूषण के कारण चिंतित सरकार ने वाहनों में प्रेशर–हॉर्न बजाने और शादी–ब्याह में जोर से लाउड–स्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । इसी के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए समाचार–आइटम तैयार कीजिए । **3**

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

## खण्ड – 'ग'
## (विज्ञान की भाषा हिन्दी)

21 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1
(क) ई–कामर्स
(ख) पेजिंग
(ग) जीवाश्म

22 पर्यावरण प्रदूषण जनसंख्या–वृद्धि से किस प्रकार जुड़ा है ? 4

**अथवा**

उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए कि किसी अंधविश्वास को तर्क के सहारे कैसे दूर किया जा सकता है ?

23 (क) भारतीय खगोल विज्ञान में ब्रह्मगुप्त का क्या योगदान रहा है ? 3
(ख) भू–विज्ञान दक्षता क्यों अनिवार्य है ? 3

24 (क) सामान्य भाषा और वैज्ञानिक भाषा के **दो** अंतर समझाइए । 2
(ख) बढ़ती जनसंख्या पर्यावरण को कैसे प्रभावित करती है ? समझाइए । 2



www.FirstRanker.com